हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 4 नवंबर 2025

04 कलेक्टर के जुझारूपन पर पानी फेर रहे लापरवाह...



07 स्थानीय नेताओं के प्रयास युद्ध स्तर के, पर बड़े नेताओं...





## खबर संक्षेप

### क्रांति को संभाग कमिश्नर सागर और कलेक्टर ने दी बधाई

**सागर।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया 1973 से प्रारंभ हुई महिला विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत ने पहली बार विश्व विजेता बनने का सौभाग्य हासिल किया है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया। विश्व कप क्रिकेट के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया ने सात बार, इंग्लैंड चार बार और न्यूजीलैंड ने एक बार विश्व कप जीता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें पहली बार वनडे के विश्व कप में पहुंची हैं। भारत ने 50 ओवर में 298 रन बनाए जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर आउट हो गई। संभाग कमिश्नर सागर अनिल सुचारी एवं सागर कलेक्टर संदीप जी आर ने सागर संभाग की क्रांति एवं संपूर्ण भारतीय टीम को पहली बार विश्व विजेता बनने पर बहुत-बहुत बधाइयां और शुभकामनाए दी।

### सुरेन्द्र सुहाने चुने गए गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष

**सागर।** श्री गहोई वैश्य समाज संचालक मंडल सागर की बैठक संरक्षक नर्मदा प्रसाद ददरया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सुरेन्द्र सुहाने को पुनः अध्यक्ष चुना गया। नवीन कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से संरक्षक नर्मदा प्रसाद ददरया, ओम प्रकाश रूसिया, उपाध्यक्ष डा राजेंद्र चौदा, सचिव संजीव कठल, उपसचिव सचिन सिपोलया, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सुहाने अगरबत्ती , मीडिया प्रभारी शरद गुप्ता चुने गए। बैठक में सुहाने ने कहा कि समाज में रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने पर जोर दिया। उपाध्यक्ष डा चौदा ने नवयुवक मंडल के तत्वावधान में ठंड के मौसम में गरीबों को कंबल वितरित करने पर जोर दिया । बैठक में महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरया, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सृजन चंदन सुहाने ने समाज को आगे बढ़ाने कार्य करने पर जोर दिया। संचालक मंडल में अन्य सदस्य मोहन रूसिया, महेश इटोरिया, आनंद ददरया, प्रद्युम्न छिरोलिया, सुधीर झुड़ेले, रमेश इटोरिया, निकेश गुप्ता, राजेंद्र कुरेले, आशीष ददरया, अटल सरावगी शामिल हैं । अंत में सभी पदाधिकारियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया।

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक संपन्न

**सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 041 सागर में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गयी। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 041 सागर आरती यादव द्वारा जानकारी दी है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को दृष्टिगत रखते हुये बैठक बुलाई गई। बैठक में सभी दलों से अपेक्षा की गई कि वे अपने दल के बीएलए की जानकारी कार्यालय में भिजवा दें। आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में आयोग द्वारा जारी निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया। यह भी बताया गया कि निर्धारित कार्यकम 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सभी मतदाताओं को गणना पत्रक दो प्रति में दिए जायेंगें, जिनमें मतदाता अपनी जानकारी दर्ज कर बीएलओ को वापस करेंगें। गणना पत्रक के साथ अन्य कोई दस्तावेज नहीं देना है। अभियान के दौरान नए मतदाताओं के नाम जोडने, मृत, दोहरे नाम और विस्थापित मतदाताओं के नाम विलोपित करने तथा संशोधन करने का कार्य भी किया जाएगा। बैठक में एड रोशन सिंह कुर्मी भाजपा, शैलेन्द्र तोमर कांग्रेस, एड रामदास राज आम आदमी पार्टी, इंजी एसपी चौधरी बीएसपी, एवं मास्टर ट्रेनर डॉ बीके शर्मा बिटनरी सर्जन सागर एवं निर्वाचन शाखा विधानसभा 041 सागर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक हुई आयोजित

# नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर कमिश्नर सुचारी ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण कार्य अप्रारंभ होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा संबंधित निर्माण एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग सागर संभाग को निर्देश दिए हैं कि वे नवीन आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण में आ रहे गतिरोध की जानकारी संबंधित जिलों के कलेक्टरों के संज्ञान में लाएं तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराएं और आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण की प्रक्रिया को तेजी से प्रारंभ कराएं।

कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास को दिए। बैठक में आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों के निर्माण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में अप्रारंभ आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण प्रक्रिया में गति लाई जाए।

बैठक में कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शासन की अति-महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और इस योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए।

कमिश्नर ने निवाड़ी, टीकमगढ़ तथा पन्ना जिलों में योजना की प्रगति में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति में सुधार लाया जाए। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश दिलाना सुनिश्चित किया जाए।कमिश्नर ने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों की सतत रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। बैठक में कमिश्नर द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा लाड़ली बहना योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग बी.एल. प्रजापति, राकेश शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## देव दीपावली पर काशी की तर्ज पर चकराघाट पर होगा आयोजन, मंदिरों में भी प्रज्वलित होंगे दीप

**सागर।** काशी को देवताओं की नगरी कहा जाता है और कार्तिक पूर्णिमा को देवता भी दीपावली मनाते हैं अनादि काल से प्रयागराज में देव दीपावली मनाए जाने कि परंपरा चली आ रही है। सागर में पिछले वर्ष से काशी की तर्ज पर गंगा आरती शुरू हुई थी और अब पहली बार देव दीपावली मनाई पहली बार देव दीपावली मनाईजाने की परंपरा शुरू हो रही है इसको लेकर नगर प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधि और धार्मिक सामाजिक संगठन भी उत्साह के साथ तैयारियां कर रहे हैं। सोमवार को नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने पुरोहित पुजारी संघ के मुख्य प्रतिनिधियों से विचार विमर्श करते हुए उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य कोई भी आगे आकर करे तो सभी को सहभागिता करनी चाहिए। चकराघाट पर कल 5 नवंबर को शाम 7 बजे एक लाख एक सौ ग्यारह दीप जलाने का आयोजन होगा सभी पुजारी पुरोहित और विद्वत जन की उपस्थिति में सभी सामाजिक संगठनों की सहभागिता हो जाए तो ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हो जाएगा। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं.भरत तिवारी ने कहा धर्म का कार्य कोई भी हो हमे मिलकर करना चाहिए इससे आत्मिक शुद्धि होती है सभी को आगे आना चाहिए। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं. शिवप्रसाद तिवारी ने कहा देव दीपावली का अर्थ है देवताओं की दिवाली तो मंदिरों में भी देवता विराजमान है इसलिए नगर के सभी मंदिरों में भी पुजारियों द्वारा 11_11 दीप जलाए जाएंगे। पं.रामचरण शास्त्री श्रीहरि महाराज ने देव दीपावली का महत्व श्रीहरि महाराज ने देव दीपावली का महत्व बताते हुए कहा कि त्रिपुरासुर नामक राक्षस ने तीनों लोक में हाहाकार मचाया था उससे देवता बहुत परेशान थे कार्तिक पूर्णिमा को भगवान शिव ने उस राक्षस का बध किया था तो देवताओं ने प्रसन्नता के उपलक्ष्य में दीपावली मनाई थी तब से काशी में देव दीपावली मनाई जाती है। पं.बालमुकुंद शास्त्री ने कहा पहली बार सागर में देव दिवाली का बड़ा और विशेष आयोजन हो रहा है सभी पुजारियों से अनुरोध है सभी मंदिरों में दीप जलाएं। पं.रमाकांत त्रिवेदी ने बताया मंदिरों के पुजारी चकराघाट के साथ ही सायं 7 बजे दीप जलाएंगे कर्मकांडी पुरोहित चकराघाट पर ही उपस्थित होंगे।

---



## 30 काली कमेटी, 11 अखाड़े, 62 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**सागर।** शिवसेना संगठन के तत्वाधान में दशहरा पर हुई मार्शल आर्ट कला अखाड़ा श्री नवदुर्गा झांकी प्रतियोगिता के पुरुस्कारो का वितरण समारोह गुजराती बाजार सागर में सम्पन्न हुआ। जहां 30 काली कमेटी, 11 अखाडा मंडल सहित उत्कृष्ट कार्य के लिए 62 प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ पीठाधीश्वर महंत विपिन बिहारी महाराज, महंत केशवगिरी महाराज, पुजारी पुरोहित संघ के संभाग अध्यक्ष पं. राजेंद्र पांडेय, जिलाध्यक्ष पं. शिव प्रसाद तिवारी, प. पुरषोत्तम गौतम शास्त्री, प. शिव नारायण शास्त्री, प. श्रीराम दुबे, प. रघु शास्त्री ने वैदिक मंत्रोचारण विधि से स्वस्तिवाचन कराया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर, आर. एस.एस. विभाग संघ चालक डॉ.जी.एस.चौबे, विश्व हिन्दू परिषद् जिलाध्यक्ष प. अजय दुबे, एस.वी.एन कॉलेज कुलाधिपति प. अजय तिवारी, ब्राह्मण समाज युवा अध्यक्ष प. भरत तिवारी, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर थे। समारोह के दौरान अखाड़ा के कलाकारों ने शस्त्र कला में हैरत अंगेज कारनामों का प्रदर्शन कर दर्शको का मन मोह लिया। वही मलखम्ब के नौनिहाल बालको के प्रदर्शन को सभी ने सराहा पुरुस्कृत किये गये अखाड़ो में श्री राम अखाडा बड़कुआं उस्ताद महेंद्र ठाकुर, श्री सत्यगुरु व्यायाम शाला राजीव नगर वार्ड, श्री हरदौल अखाडा मुहाल नं. 14 सदर उस्ताद मेवालाल जाटव, मां शारदा व्यायाम शाला गुरु गोविन्द सिंह वार्ड उस्ताद राजकुमार पहलवान, श्री बालाजी पवन सुत व्यायाम शाला आंबेडकर वार्ड उस्ताद मुकेश लड़िया , श्रीराम अखाडा हनोता उबारी उस्ताद संदीप लोधी, श्री दुर्गा वाहनी अखाडा विश्व हिन्दू परिषद, उस्ताद दुर्गा कुशवाहा, शामिल थे। पुरुस्कृत काली कमेटी में कांधे वाली काली पुरव्याऊ, भैयाजी वेद काली कमेटी मोहन नगर वार्ड, श्री संकट मोचन दुर्गा समिति कजलीवन मैदान श्री जगत जननी दुर्गा उत्सव काली कमेटी सराफा बाजार, नव युवक बाल्मीकि समाज नव दुर्गा समिति मढिया गुरु गोविन्द सिंह वार्ड, श्री लालकमल काली कमेटी कटरा, जय मां भगवती काली कमेटी नगर सुंदरी राजीव नगर वार्ड, जय दुर्गे नवयुवक काली कमेटी माता मड़िया, श्री शुभ सफेद कमल काली कमेटी बाहुबली कॉलोनी, श्री नवयुवक कैली कमेटी खेर माई माता मंदिर मुहाल नंबर 14 सदर, श्री बगीचा वाली काली कमेटी मुहाल नंबर 8 सदर, श्री करन शहनाई बादल धमाल पार्टी भाग्योदय रोड, नौशाद ब्रास बैंड धमाल पार्टी वल्लभ नगर, नंदनी धमाल पार्टी राहतगढ़ बस स्टेण्ड, राजा ब्रास बेंड धमाल पार्टी चकराघाट, आशीष धमाल पार्टी कछयना आदि शामिल थे। उत्कृष्ट सेवा के लिए डॉ.सुरेशचंद रावत, पुरन सिंह राजपूत,डॉ.सुमित भट्टाचर्य, लकी सराफ सिंहस्थ उमाकांत मिश्रा श्यामलम, डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया,, सिंगर अर्चना प्यासी, डॉ. मनीष झा, मनी सिंह गुरैन, प्रमोद जैन, बालाजी प्रभात सेवा समिति, पूरन सिंह राजपूत उपस्थित थे।

---

## विविः साइबर सुरक्षा जागरूकता पर एक ऑनलाइन लेक्चर सीरीज़ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के प्लेसमेंट और स्टार्टअप सेल,कंप्यूटरसाइंस और एप्लीकेशन विभाग, इंजीनियरिंग और टेक्नो लॉजी संस्थान एवं लाइब्रेरी और सूचना विज्ञान विभाग द्वारा 31 अक्टूबर को साइबर सुरक्षा जागरूकता पर एक ऑनलाइन लेक्चर सीरीज़ का आयोजन किया । यह कार्यक्रम राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह अक्टूबर 2025 के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था । कार्यक्रम की शुरुआत प्लेसमेंट और स्टार्टअप सेल के कोऑर्डिनेटर और कंप्यूटर साइंस और एप्लीकेशन विभाग के प्रमुख डॉ. अभिषेक बंसल के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, प्रतिभागियों और आयोजकों का गर्मजोशी से स्वागत किया और शैक्षणिक और पेशेवर क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व पर ज़ोर दिया। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. दिवाकर शुक्ला ने उद्घाटन भाषण दिया. जिसमें उन्होंने डेटा सुरक्षा के महत्वपूर्ण महत्व । सिस्टम के तेजी से विकास और डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की उभरती चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

पहला विशेषज्ञ लेक्चर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के लाइब्रेरियन डॉ. मोहित गर्ग ने दिया। उन्होंने प्रोप्राइटरी सिस्टम से जुड़े सुरक्षा जोखिमों पर चर्चा की और पारदर्शिता, पहुंच और सुरक्षित डिजिटल इकोसिस्टम सुनिश्चित करने के लिए ओपन सोर्स प्लेटफॉर्म अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जालंधर के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. नीरज ने साइवर वुलिंग और टीजिंग पर एक विशेषज्ञ सत्र लिया। उन्होंने वास्तविक जीवन के मामलों, निवारक उपायों और युवाओं के बीच नैतिक ऑनलाइन व्यवहार की आवश्यकता पर चर्चा की।

सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए साइबर सुरक्षा प्रथाओं पर एक ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में माननीय कुलपति द्वारा साइबर सुरक्षा साइवर जाग्रत भारत शीर्षक वाला एक पोस्टर भी जारी किया गया, जिसका उद्देश्य सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं के बारे में जागरूकता फैलाना था। बाद में ये पोस्टर सेंट्रल लाइब्रेरी और विभिन्न विभांगों सहित कैंपस के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए गए। लेक्चर सीरीज ने छात्रों, फैकल्टी और कर्मचारियों के बीच साइबर सुरक्षा और जिम्मेदार डिजिटल आचरण के महत्व के बारे में सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई। कार्यक्रम धन्य वाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुआ, जो एक ज्ञानवर्धक और प्रभावशाली जागरूकता पहल का समापन था।

---



## शिवसेना के हुए मनी सिंग गुरौन, राज्य संगठक की मिली जिम्मेदारी

**सागर।** कहते हैं जब आप दूसरे का भला करने और दूसरों की मदद करने की जिम्मेदारी उठा लेते हैं तो आपके ऊपर उठने में आपसे ज्यादा ईश्वर आपकी मदद करता है,या यू कहें की जिसने भी दूसरे का भला किया है ईश्वर उसका बुरा कभी नहीं होने देता अब आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं, तो हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि बिना किसी महत्व आकांक्षा और बिना किसी स्वार्थ के मकरोनिया क्षेत्र के समाजसेवी और अनेक जिम्मेदार पदों से सुशोभित सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनीसिंग लगातार अपने समाज सेवा के कार्यों से लोगों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं मनी सिंग को मिली तमाम जिम्मेदारियां की फेहरिस्त में अब एक और उपलब्धि जुड़ गई है, शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी की अनुशंसा पर मनी सिंह गुरौन को शिवसेना राज्य संगठक नियुक्त किया गया है। मनी सिंग को यह जिम्मेदारी उनकी सामाजिक सजकता और कर्तव्यनिष्ठा की वजह से मिली है। इस उपलब्धि पर मनी सिंग के शुभ चिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

---

## कार्यों का निराकरण समय-सीमा में नहीं करने पर पंचायत सचिवों पर लगाया गया जुर्माना

**सागर।** कलेक्टरके आदेशानुसार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर 28 पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना। जैसीनगर जनपद पंचायत अंतर्गत तालचिरी ग्राम पंचायत सचिव मनमोहन जोशी, जेरा ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश सिंह, बक्सवाहा ग्राम पंचायत सचिव आशाराम साहू, बेरखेरी मढ़यिा ग्राम पंचायत सचिव अमित चौबे, जैसीनगर ग्राम पंचायत सचिव नरेन्द्र बचलह, मसुरयाई ग्राम पंचायत सचिव रामकुमार खजुरिया। राहतगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत झिला ग्राम पंचायत सचिव नंदराम राय, दिनायकी ग्राम पंचायत सचिव संजय शर्मा। शाहगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत बसौना ग्राम पंचायत सचिव नरेन्द्र यादव, नौराज ग्राम पंचायत सचिव डालसिंह लोधी, सादागिर ग्राम पंचायत सचिव पवन जैन। जनपद पंचायत देवरी अंतर्गत दीना ग्राम पंचायत सचिव रामअवतार यादव, रायखेड़ा ग्राम पंचायत सचिव दीपक खत्री, बेलढाना ग्राम पंचायत सचिव वीरेन्द्र सिंह लोधी। रहली जनपद पंचायत अंतर्गत धौनाई ग्राम पंचायत सचिव दुष्यंत सिंह घोसी, गुडाकला ग्राम पंचायत सचिव परशोत्तम पटेल, खेजरा रहली ग्राम पंचायत सचिव अनिल कुमार चौबे, बरखेरा ग्राम पंचायत सचिव संतोष पटेल। बण्डा जनपद पंचायत अंतर्गत बम्हौरी ग्राम पंचायत सचिव रघुनाथ सिंह, हिनौता उबारी ग्राम पंचायत सचिव हेमंत चढार, हनौता सहावन ग्राम पंचायत सचिव मुकेश सिंह लोधी, खारमउ ग्राम पंचायत सचिव कृष्णकुमार पतशरिया, मोरा खुर्द ग्राम पंचायत सचिव रामदीन यादव, चारौधा ग्राम पंचायत सचिव भगवान सिंह लोधी। केसली जनपद पंचायत अंतर्गत नयानगर ग्राम पंचायत सचिव नरेन्द्र पाल, कुसमी ग्राम पंचायत सचिव कमल अहिरवार। जनपद पंचायत खुरई बिलैया ग्राम पंचायत सचिव आशाराम अहिरवार, आसोलीघाट ग्राम पंचायत सचिव विजय सिंह ठाकुर के द्वारा समय सीमा में आवेदनों का निराकरण न करने हेतु अर्थदंड की कार्यवाही की गई है। सचिव का यह कार्य लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 की धारा 7 (क) का उल्लंघन हैं। आवेदन को विलंब करने पर दंड स्वरूप 250 रुपए प्रतिदिवस के मान से जुर्माना लगाया गया। साथ ही उक्त जुर्माना राशि को तीन दिन के अंदर जमा करने का आदेश दिया गया।

---





## समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

देवरी एवं केसली विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में प्रत्येक परिवार तक मानक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा जलजीवन मिशन अंतर्गत शुरू की गई देवरी केसली ग्रामीण समूह प्रदाय योजना से ग्रामीणों को अवगत कराने एवं योजना के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रमों में ग्रामसभा, सामुदायिक रैलियों के आयोजन सहित स्कूलों में पोस्टर प्रदर्शनी आदि कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण जनों को योजना के उद्देश्य, लाभ एवं शासन द्वारा मानक जल उपलब्धता के किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी जा रही है। विगत दिवसों में देवरी विकासखंड के ग्राम मसूरवारी, सुजानपुर, महाराजपुर एवं बहेरिया में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रूचि दिखाई। 19 मार्च 2023 से आरंभ की गई इस योजना के जरिये देवरी एवं केसली विकासखंड के लगभग 386 में 34989 परिवारों के प्रत्येक सदस्य को 55 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। योजना की जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश जल निगम की परियोजना क्रियान्वयन इकाईए सागर के जन सहभागिता प्रबंधक डॉण मनोज राज ने बताया की उक्त योजना सागर जिले के देवरी एवं केसली जनपद के 261 गावों में संचालित की जा रही है। जिसमे नितानंद शिक्षा समिति द्वारा सहायक क्रियान्वयन संस्था के तौर पर कार्य करते हुए योजना के प्रचार प्रसारए जन. जागरूकता एवं क्षमतावर्धन गतिव ्धियों का आयोजन किया जा रहा हैए ताकि योजना के प्रति समुदाय को सक्षम और सशक्त बनाने एवं उनमें स्वामित्व की भावना विकसित करनेए स्वच्छताए सुरक्षित पेयजल के उपयोग तथा पानी का सुरक्षित संचालन और संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। देवरी.केसली ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के सहायक क्रियान्वयन संस्था के परियोजना प्रबंधक करन सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के 261 गाँव मे से सभी गावों में सामुदायिक सहभागिता बढानेए योजना का प्रचार.प्रसार करने तथा क्षमतावर्धन के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गावों में जनसभा ग्रामसभाए ग्रामीण सहभागिता आंकलनए सामुदायिक रैलीए स्कूल प्रतोयोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

---

मेला की शुरुआत देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर होती है

## आधुनिकता की चकाचौंध में स्मृतियों को सहेजता छपरा का पंचदिवसीय सांस्कृतिक मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

आधुनिकता की चकाचौंध में भी कुछ परंपराएं अपनी जड़ों को थामे रहती हैं, और छपरा में आयोजित होने वाला पंचदिवसीय सांस्कृतिक मेला उन्हीं में से एक है। यह केवल एक मेला नहीं, बल्कि गाँव के लोगों के लिए 'पुराने दिनों की यादों का खजाना' है, जो हर साल देवउठनी ग्यारह (देवोत्थान एकादशी) से शुरू होकर कार्तिक पूर्णिमा तक, पाँच दिनों तक अपनी अनूठी छटा बिखेरता है।

### आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम



यह मेला आस्था, संस्कृति और सामाजिक मेल-मिलाप का एक शानदार केंद्र है। इसकी शुरुआत देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर होती है, जब भगवान विष्णु अपनी चार माह की योगनिद्रा से जागते हैं और शुभ कार्यों का आरंभ होता है। पाँच दिनों तक चलने वाला यह उत्सव, कार्तिक पूर्णिमा के पवित्र दिन संपन्न होता है। शक्ति की पूजा और लोक कला का प्रदर्शन मेले का मुख्य आकर्षण यहां आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम हैं, जो स्थानीय लोक कला और भक्ति को जीवंत करते हैं। मेले के दौरान चंडी माता की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। माँ शक्ति के प्रति अटूट विश्वास और श्रद्धा का यह प्रदर्शन पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देता है।

### राई नृत्य की प्रस्तुति

पारंपरिक राई नृत्य इस मेले की जान है। ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोक कलाकारों का यह जोशपूर्ण नृत्य दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर देता है, और यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है।स्थानीय निवासियों के लिए, यह मेला सिर्फ एक वार्षिक आयोजन नहीं है, बल्कि उनकी 'यादों को सहेजने का एक माध्यम' है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही इस परंपरा में, गाँववासी एक-दूसरे से मिलते हैं, खुशियाँ बाँटते हैं, और अपनी जड़ों से जुड़े रहने का एहसास करते हैं। मेले का यह अनूठा 'आनंद' ही है जो इसे भीड़ भरे बाज़ारों से अलग और विशिष्ट बनाता है। यह मेला हमें याद दिलाता है कि भले ही समय बदल गया हो, लेकिन हमारी संस्कृति और परंपराओं की मिठास आज भी बरक़रार है।

## मंडी व सोसायटी के बीच चकरघिन्नी बने किसानों ने लगाया हाइवे पर जाम

# कलेक्टर के जुझारूपन पर पानी फेर रहे लापरवाह कर्मचारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

बोनी का समय होने के चलते किसानो को आसानी से खाद वितरण कराने के उद्देश्य के चलते जिलेवासियो ने पिछले माह अक्टूबर में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को जुझारूपन के साथ कार्य करते हुए देखा। जिसमें कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा जिलेभर का भ्रमण कर किसानो, सोसायटीयो व मंडी कर्मचारियों सहित अधिकारियो के साथ बैठक कर खाद वितरण व्यवस्था बनाने के लिये प्रयास किये गये। जिसे देखकर लगा कि इस वर्ष शायद किसानो को आसानी से खाद उपलब्ध हो जाएगी। लेकिन खाद वितरण व्यवस्था में लापरवाह कर्मचारियों की मनमानी और उदासीन रवैया अपनाये जाने के चलते किसानों को आक्रोश दिखाने के लिये मजबूर होना ही पड़ा। खाद न मिलने के चलते बड़ागांव मंडी के पास किसानों ने हाइवे पर चक्काज़ाम कर दिया। हालांकि बड़ागांव तहसीलदार ने तुरंत मोर्चा संभाला और फिर टीकमगढ़ से एसडीएम ने भी मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्याओ को सुन उनका हल किया। तब कही उक्त चक्काजाम खुल सका। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने भी किसानो को तत्काल खाद वितरित करने निर्देश दिए।

### टोकन व्यवस्था से अंजान किसानो में फैली भ्रम की स्थिति, लगा दिया जाम

बड़ागांव क्षेत्र से ज़ब सैकड़ो की संख्या किसान बिना टोकन लिये पूर्व की व्यवस्था के तहत मंडी पहुंचे तो उन्हें खाद नहीं मिली। और ज़ब किसानों ने मंडी में जानकारी लेनी चाही तो उन्हें सोसायटी पर जाने के लिये कहा गया और ज़ब सोसायटी पहुंचे तो मंडी जाने को कहा गया। लेकिन किसी ने किसानो को खाद वितरण की सही व्यवस्था बताने का प्रयास नहीं किया। जिसके चलते मंडी व सोसायटी के वीच चक्कर खाकर परेशान किसानो ने हाइवे पर चक्काज़ाम लगा दिया। जिसके चलते दोनों ओर वाहनो की लंबी-लंबी कतारे लग गई और यातायात करीब 3 घंटे तक प्रभावित रहा। गुस्साये किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। रवि की फसल के लिए खाद उपलब्ध न होने से आक्रोषित किसान भाई मीडिया को अपनी आपबीती बताने लगे।

### मंडी व सोसायटी के बीच चक्कर खाये किसानों के बीच पहुंचा प्रशासन

बड़ागांव में हाइवे पर किसानों द्वारा चक्काजाम करने की सूचना मिलते ही बड़ागांव तहसीलदार पलक जैन ने मोर्चा संभाला और किसानों को करीब डेढ़ घंटे तक समझाईश दी। इसी बीच कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देश मिलने पर एसडीएम संस्कृति मुदित लिटोरिया भी मौके पर पहुंची और किसानो को समझाया कि जिनको टोकन मिल गये है, उन किसानो को खाद वितरण हो रहा है। बो किसान खाद ले सकते है। और जो किसान टोकन नहीं ले पाए, बो टोकन प्राप्त कर खाद ले सकते है। तब कही किसान शांत हिये और चक्काजाम खोला जा सका।

### 10 दिन से चकरघिन्नी बने घूम रहे किसान नहीं हुई सुनवाई

किसान प्रहलाद लोधी निवासी ग्राम सांपोंन ने बताया कि पिछले 10 दिनो से हम सभी किसान इधर से उधर चक्कर लगा रहे हैं। मंडी वाले बोलते हैं कि सोसाइटी जाओ और सोसाइटी वाले बोलते हैं मंडी जाओ। टोकन की जगह कागज पर सील लगाकर कागज किसानो को दे दिया। किसान प्रहलाद ने बताया कि मंडी कर्मचारी बोल रहे हैं कि कलेक्टर का आदेश नहीं है इसलिए खाद नहीं मिल पाएगा। ऐसे में हम किसान क्या करें।

### कलेक्टर श्रोत्रिय ने लिया उक्त मामले में त्वरित संज्ञान

इस पूरे मामले में कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने त्वरित संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से निर्देश दिए कि बड़ागांव में मौजूद किसानो को तत्काल टोकन देकर तत्काल खाद उपलब्ध कराई जाये। जिससे स्थिति को संभाला जा सके और परेशान किसानों की समस्या तुरंत हल हो और जो किसान आ रहे है उन्हें समय से टोकन व्यवस्था कर अगले दिन खाद वितरण की व्यवस्था समय से की जाये।

### कलेक्टर द्वारा बनाई टोकन व्यवस्था को समझाने में लापरवाह कर्मचारी

किसानों और ख़ासकर छोटे किसानो को प्राथमिकता के साथ खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रोत्रिय ने टोकन व्यवस्था बनाई थी जिसमें एक दिन टोकन वितरण किया जा रह है और फिर अगले दिन टोकनधारी किसानो को खाद वितरित करने की व्यवस्था बनाई गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह था कि छोटे किसानो को प्राथमिकता के साथ खाद मिले और खाद वितरण केंद्र पर भीड़भाड़ की स्थिति निर्मित न हो। लेकिन मंडी व सोसायटी पर आने बाले किसानो को पहले टोकन लेने के बारे में संतुष्टिपूर्ण समझाने में लापरवाह कर्मचारियों की मनमानी व उदासीनता के चलते बड़ागांव में किसान आक्रोशित हो गये और चक्काजाम लगा दिया।

### सरकारी खाद मिला नहीं और प्राइवेट दुकानें बंद होने से कहां जाएं हम

प्रदर्शन कर रहे किसानो में शामिल ग्राम रसोई निवासी किसान ओमप्रकाश ने बताया है कि खेतो में बुवाई का समय आ गया है इसके बावजूद उन्हें एक तरफ सरकारी खाद नहीं मिल पा रहा है। जिससे किसानो की फैसल प्रभावित हो रही है। और दूसरी ओर प्राइवेट खाद सप्लायर दुकानदार अपनी-अपनी दुकाने बंद करके अपने घर चले गए हैं। ऐसी स्थिति में अब हम किसान क्या करें, और कहाँ जाये। इसलिए चक्काजाम कर दिया।

### खाद उपलब्ध कराया

जिले में कलेक्टर श्रोत्रिय के प्रयासों के चलते खाद का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानो को खाद के लिये कोई परेशानी नहीं होगी। बड़ागांव में जो स्थिति निर्मित हुई है वो कुछ किसानों को टोकन व्यवस्था के बारे में जानकारी न होने की वजह से हुई। लेकिन ज़ब किसानो को व्यवस्था के बारे में बताया गया टो किसानो ने चक्काजाम हटा दिया। और उन्हें खाद भी उपलब्ध कराया गया।

**संस्कृति मुदित लिटोरिया,** एसडीएम टीकमगढ़


---

## भाजपा नेता की मांग पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने लिखा गडकरी को पत्र

# बढ़ते पर्यटन को देख ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे स्वीकृत करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




D.O. 1685907 /MoC & DoNER/2025

ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया
JYOTIRADITYA M. SCINDIA

संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
भारत सरकार
Minister of Communications and Development of North Eastern Region
Government of India

28 अक्टूबर, 2025

मैं इस पत्र के साथ श्री विकास यादव, जिला मंत्री, भारतीय जनता पार्टी, जिला टीकमगढ़ (म.प्र.) 147, मामौन दरवाजा, टीकमगढ़ (म.प्र.) द्वारा प्राप्त पत्र आपको अग्रेषित कर रहा हूं, जिसमें इनके द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-26 को राष्ट्रीय राजमार्ग-76 से जोड़ने के लिए ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे की स्वीकृति प्रदान करवाए जाने का अनुरोध किया गया है।

मैं अनुग्रहित होऊंगा, यदि आप इस संबंध में उचित कार्रवाई करेंगे तथा की गई कार्रवाई से मुझे व संबंधित को अवगत कराएंगे।

शुभकामनाओं सहित,

आपका,
ह0/-
(ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

श्री नितिन गडकरी,
माननीय सड़क परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री,
भारत सरकार, ट्रांसपोर्ट भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001.

प्रतिलिपि- श्री विकास यादव, जिला मंत्री, भारतीय जनता पार्टी, जिला टीकमगढ़ (म.प्र.) 147, मामौन दरवाजा, टीकमगढ़ (म.प्र.) को सूचनार्थ प्रेषित।

(ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

Ministry of Communication : Room No. 105, Sanchar Bhawan, 20, Ashoka Road, New Delhi-110 001
Phone : 011-23739191, 23372177 Fax : 011-23372428

श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा को विश्व धरोहर के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र और प्रदेश दोनों ही सरकारें प्रयासरत हैं। उक्त बात कहते हुए भाजपा नेता विकास यादव ने बताया कि श्री राम राजा सरकार के भक्तों और पर्यटकों को आवागमन की बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अत्यंत गंभीरता दिखाई है। उन्होंने हाल ही में आजादपुरा के पास ओरछा से तिगैला के मध्य रेलवे क्रॉसिंग पर सीमित ऊंचाई वाला रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण कराया है जिससे लोगों को आय दिन लगने वाले जाम से मुक्ति मिली है और अब केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने झांसी सागर राष्ट्रीय राजमार्ग को झांसी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए एक ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे का निर्माण कराने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं जल मार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने पत्र में लिखा है कि श्री राम राजा सरकार की विश्व स्तरीय धार्मिक व पर्यटन नगरी ओरछा में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए झांसी सागर एवं झांसी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाले एक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे बाईपास की अत्यंत आवश्यकता है ताकि आवागमन में लोगों को सुविधा मिले और ओरछा में बढ़ते यातायात के दबाव को कम किया जा सके। भाजपा नेता विकास यादव ने बताया कि यह ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग झांसी सागर के वनगाय खास से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग झांसी खजुराहो में ओरछा तिगैला के पास मिलेगा। यह मार्ग फोरलेन बनाया जाएगा और इस मार्ग के मध्य में रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण भी कराया जाएगा। इसकी लागत 600 करोड रुपए के लगभग आएगी। भाजपा नेता विकास यादव ने उम्मीद जताई है कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया के पत्र लिखने के बाद केंद्र सरकार जल्द ही इस मार्ग को स्वीकृति प्रदान करेगी।

---

अभी तक 6 पुलिस परिवारों के बच्चों को दी अनुकम्पा नियुक्तियां

# पुलिसकर्मियों के परिवारों को मिला सहारा, एसपी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिला पुलिस सदैव अपने कर्मठ और समर्पित पुलिसकर्मियों के योगदान को स्मरण रखती है। इसी भावना के साथ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के अंतर्गत नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। सेवाकाल के दौरान सड़क हादसे में दिवंगत हुए स्वर्गीय उप निरीक्षक नाथूराम कौल के पुत्र राजकेश रावत को आरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि पुलिस बल अपने हर सदस्य को एक परिवार की तरह मानता है। किसी एक सदस्य की कमी को पूरी तरह पूरा तो नहीं किया जा सकता, परंतु हम सदैव उनके परिजनों के साथ खड़े हैं। इसी प्रकार, सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए स्वर्गीय आरक्षक साजिद ख़ान के पुत्र रिहान ख़ान को बाल आरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पुलिस परिवार की संवेदनशीलता और अपने साथियों के प्रति आदर का प्रतीक है। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मीकांत कड़ा सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत पुलिसकर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और नव-नियुक्त आरक्षकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में जिला पुलिस में अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित सभी प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 06 पदों पर आरक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है।

---

बिना पार्किंग सुविधा के चल रहे अवैध व नियमविरुद्ध क्लीनिक को बंद कराने की उठी मांग

# वार्ड में पर्याप्त चौड़ी सड़क लेकिन फिर भी अपने घर में जाना पड़ रहा भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




कॉलोनी में पर्याप्त चौड़ी सड़क होने के बाबजूद भी अगर लोगो को अपने घरो में जाने के लिये ही अगर परिश्रम करते हुए परेशानी उठानी पड़े तो इसे क्या कहा जाये। ऐसी परिस्थिति इसलिए बन रही क्योंकि शहर में स्थित आवासीय कॉलोनियों में नियमों को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से संचालित किये जा रहे कोचिंग सेंटर, व्यवसायिक प्रतिष्ठान और निजी क्लीनिक स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। जिनकी बजह से लोगो को अपने घरो तक पहुंचने के लिये बड़ी भारी समस्याओ का सामना करना पद रहा है। उक्त परेशानी के बारे में कई बार प्रशासन, वार्ड पार्षदो व संबंधित अधिकारियो को भी अवगत कराया गया लेकिन कही भी सुनवाई नहीं हुई। शहरवासियो ने बताया कि पुष्पा स्कूल के सामने वाली गली, अस्तोन मार्बल के पास न्यू सिविल लाइन तथा वार्ड नंबर 18 स्थित एक रेडीमेड कपड़ा व्यापारी के आवासीय मकान में खुले निजी क्लीनिक में पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है। परिणामस्वरूप, दिनभर गली में बड़ी संख्या में बाइकें खड़ी रहती हैं। करीब 15 फीट चौड़ी इस गली में दोनों ओर से वाहनों के खड़े होने से लगभग 300 परिवारों के निवासियों का आवागमन कठिन हो गया है। चार पहिया वाहन निकालना भी बड़ी चुनौती बन गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गली में बच्चों के स्कूल वाहन भी नहीं पहुंच पाते, जबकि आसपास कोचिंग सेंटर और निजी स्कूल भी संचालित हैं। लोगों ने पार्षद, नगर पालिका और प्रशासन से बिना पार्किंग सुविधा के चल रहे इस अवैध एवं नियमविरुद्ध क्लीनिक को बंद कराने की मांग की है। इसके बावजूद अब तक समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है। जिसकी बजह से लोगो को अपने ही घरो में जाने के लिये समस्याओ का सामना करना पड रहा है।

---

## कलेक्टर श्रोत्रिय को ज्ञापन सौंपकर की शीघ्र कार्य पूर्ण कराये जाने की मांग

# बंडा नहर जीर्णोद्धार में अधूरा कार्य बना जी का जंजाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा अभूतपूर्व कार्य बंडा नहर की सफाई और अतिक्रमण हटाने के रूप में किया गया था लेकिन फिर बारिश का दौर शुरू हो जाने के बाद उक्त कार्य बीच में ही रोकना पड़ा। जिसके बाद उक्त अधूरे कार्य की बजह से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका द्वारा नहर की मरम्मत का काम शुरू न करने से पेयजल आपूर्ति ठप है और खुली नहर से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। जिसके चलते सोमवार को मोहल्लेवासियों ने कलेक्टर विवेक श्रोतिय को ज्ञापन सौंपकर जल्द काम शुरू कराने की मांग की।

दरअसल बारिश के मौसम से पहले जिला प्रशासन ने महेंद्र सागर तालाब से वृंदावन तालाब को जोड़ने वाली बंडा नहर की सफाई कराई थी। इस दौरान अंबेडकर चौराहा से खाड़ी आश्रम तक नहर के ऊपर बने अतिक्रमण को हटाया गया। प्रशासन के सहयोग से अधिकांश लोगों ने स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटाए थे। नगर पालिका ने तब नहर का पक्का निर्माण और फुटपाथ बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक यह काम शुरू नहीं हुआ है। स्थानीय निवासी शांतनु श्रीवास्तव ने बताया कि चार-पांच महीने बीत जाने के बाद भी बंडा नहर खुली पड़ी है। इससे कीचड़, बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। छोटे बच्चों और मवेशियों के नहर में गिरने का डर बना रहता है। कभी-कभी जहरीले कीड़े और सांप भी नहर से घरों में घुस आते हैं, जिससे नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। नहर की खुदाई के कारण पेयजल लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे पिछले पांच महीनों से पीने के पानी का संकट गहरा गया है। ज्ञापन मेंमांग की गई है कि 15 दिनों के भीतर बंडा नहर का निर्माण कार्य शुरू किया जाए और जब तक पेयजल लाइनें ध्वस्त थीं, उस अवधि का पांच महीने का 'जलकर' माफ किया जाए। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बंडा नहर की मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

---

## भाजपा कार्यालय में हुआ आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन का आयोजन

# 'आत्मनिर्भर व स्वदेशी से सशक्त भारत का जुड़ा है मंत्र'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



स्थानीय भाजपा कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत पर युवा सम्मेलन किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि स्थानीय भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत पर केंद्रित युवा सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा राजेश पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, महामंत्री पूरन लोधी, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी, आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम संयोजक रोहित खटीक, सह संयोजक आदित्य योगी व संकल्प जैन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, युवा सम्मेलन कार्यक्रम संयोजक प्रवीण चौधरी व सह संयोजक अजय सिंह गौर मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के विभिन्न कार्यक्रमों से स्वदेशी अपनाने का मंत्र जन जन तक पहुंचाया जा रहा है और इसमें अलग-अलग कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग की जा रही है जिसमें हमें अपने भाइयों से निर्मित वस्तुएं अपनाकर उन्हें वैश्विक मंच प्रदान करना है जिससे हमारा भारत आत्मनिर्भर बनकर दूसरों को वस्तुएं आयात कर स्वर्णिम दिशा में आगे बढ़े। मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा राजेश पांडे ने कहा कि अंग्रेजों से पूर्व के समय में हमारे देश में स्वदेशी से निर्मित वस्तुएं उपयोग में लाई जाती थी और हम अपनी वस्तुओं का बड़े पैमाने पर आयात करते थे , हम कभी विदेशियों पर निर्भर नहीं रहे , आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम आत्मनिर्भर भारत की दिशा की ओर बढ़ रहे हैं , और देश को सशक्त बनाया जा रहा है, हमें इस मुहिम में उनका साथ देकर स्वदेशी वस्तुएं अपनानी है और जन-जन को आत्मनिर्भर बनाकर देश का विकास करना है। स्वदेशी से ही सशक्त भारत का मंत्र जुड़ा है , इसमें युवाओं की भागीदारी विश्व पटल पर स्वर्णिम भारत की दिशा बनेगा। युवा सम्मेलन में महामंत्री आशुतोष भट्ट, रीतेश भदौरा, अभिषेक खरे रानू, मनोज देवलिया, अंकित तोमर, विकास यादव, ब्रज किशोर तिवारी ,नरेश तिवारी, विभा श्रीवास्तव, सुशीला राजपूत, रिंकी भदौरा, रामा रजक, संध्या सोनी, मीरा खरे, रीना श्रीवास्तव, हरप्रसाद कुशवाहा, बारेलाल चौरसिया नंदू, पवन संज्ञा, रधुवीर यादव, मुन्ना लाल साहू, महेश साहू, संजू झा, राजीव जैन वर्धमान, शिवचरण उटमालिया,सौरभ कठैल, सूरज कड़ा, विनय सेन ,संस्कार रजक, जितेंद्र जैकी यादव, अशोक मेडी राय, अंकित तिवारी, हनी जैन, अक्षय सिंह,चंद्रभान लोधी, रानू नायक, कपिल नामदेव, आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# ग्रामीण क्षेत्र में ग्राउंड पर खेल रहे युवाओं को दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

## पुलिस ने दिलाई युवाओं को ट्रैफिक नियमों के पालन करने की शपथ



**टीकमगढ़।** सड़क पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला के तहत जिले में भी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। जिसके तहत अब ग्राउंड पर खेल रहे बच्चो को भी ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने शपथ दिलाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सभी थाना एवं चौकी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में जाकर लोगों से संवाद करें, ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाएं और जन संपर्क के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाएं। इसका उद्देश्य यह है कि यातायात नियमों का पालन सामान्य जीवनशैली का हिस्सा बन सके। 02 नवंबर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह और एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में चौकी मजना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज दुवेदी एवं उनकी पुलिस टीम ने चौकी के ग्रामीण क्षेत्र में ग्राउंड पर खेल रहे युवाओं के साथ ट्रैफिक जागरूकता सत्र आयोजित किए। इस दौरान युवाओं को सड़क नियमों के पालन की शपथ ली गई। हेलमेट और सीटबेल्ट पहनने की आवश्यकता को समझाया गया और गोल्डन ऑवर्स तथा गुड सेमेरिटन योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सत्र के दौरान तेज गति से वाहन चलाने, शराब पीकर ड्राइव करने, अधिक सवारियों के साथ वाहन चलाने और ओवरलोडिंग जैसी खतरनाक आदतों से होने वाले नुकसान पर चर्चा की गई। साथ ही राहवीर योजना की जानकारी भी साझा की गई, ताकि लोग सड़क दुर्घटना में फंसे व्यक्तियों की मदद करने के लिए प्रेरित हो सकें। मजना चौकी प्रभारी मनोज द्विवेदी ने कहा कि जिला पुलिस का संदेश यह है कि सड़क पर सुरक्षा सभी का साझा दायित्व है।

### एक सप्ताह बीतने के बाद भी फसल मुआवजा की नहीं दिखाई पड़ रही उम्मीद

# स्थानीय नेताओं के प्रयास युद्ध स्तर के, पर बड़े नेताओं की अलाली बढ़ा रही चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बे मौसम बारिश से फसलों के बर्बाद होने की घटना को एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है और प्रशासन इस मामले में बर्बाद हुई फसलों का सर्वे भी लगभग पूरा करा चुका है पर किसानों को मुआवजा राशि मिलना फिलहाल दूर की कौड़ी ही माना जा रहा है। हालांकि स्थानीय नेता किसानों को राहत दिलाने के मामले में प्रयास युद्ध स्तर पर करते दिख रहे हैं लेकिन बड़े नेताओं की इस मामले में चुप्पी संशय पैदा कर रही है।

एक सप्ताह पहले रविवार को अचानक हुई बेमौसम बारिश से जिले में फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ा। खासकर धान की फसल को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा। इस मामले को लेकर किसानों ने प्रदर्शन कर मुआवजा की मांग प्रशासन के माध्यम से शासन से की, इस दौरान नेता भी किसानों के साथ खड़े हो गए खासकर कांग्रेस से जुड़े किसानों ओर विधायक बाबू जंडेल आंदोलन में अधिक सक्रिय दिखाई पड़े। किसानों का यह आंदोलन तब और तेज हो गया जब एक किसान ने अपने खेत में ही पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली किसानों और कांग्रेस नेताओं ने इसे फसल बर्बादी से जोड़कर हंगामा किया इस पर जमकर राजनीति भी हुई इसमें दोनों ही दलों (भाजपा और कांग्रेस) के नेता श्रेय लेने की होड़ में दिखाई पड़े। जैसे तैसे शव का दाह संस्कार कराया गया रेडक्रास से सहायता दी गई और सरकार से सहायता दिलाने का आश्वासन कलेक्टर द्वारा दिया गया प्रशासन द्वारा सर्वे का काम भले ही युद्ध स्तर पर किया जा रहा हो लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी बड़े नेता खासकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की इस मामले में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आने से किसानों को फसल का मुआवजा ठीक ठाक मिलेगा इसमें लोगों को विश्वास कम संदेह अधिक हो रहा है।



### कांग्रेस आंदोलन में शामिल, भाजपाई पहुंचे नेताओं के द्वार

बेमौसम हुई बारिश से किसानों को मुआवजा दिलाने को लेकर हो रहे आंदोलन के पीछे अधिकतर कांग्रेसी दिखाई पड़ रहे हैं। हालांकि आंदोलन में शामिल किसान नेता ऐसे गैर कांग्रेसी बता रहे हैं लेकिन कांग्रेसी आंदोलन में जिस तरह बढ़ चढकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, खासकर विधायक बाबू जंडेल आंदोलन की अगुवाई करते दिखे उसे स्पष्ट हो रहा है कि वे इस आपदा में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत बनाने की फिराक में है। उधर भाजपा नेता भी इस होड़ में पीछे नहीं दिख रहे हैं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट ने दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर जिसका फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर डाला और प्रेस नोट भी दिल्ली से ही जारी कर दिया। इसके दूसरे दिन भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण के नेतृत्व में भोपाल पहुंचे भाजपा नेताओं ने पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर से मुलाकात की और उन्हें स्थिति से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की। इसके बाद वह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिले जिसके फोटो वीडियो और समाचार भी भोपाल से जारी किए गए।

### कितना मिल सकता है मुआवजा

25 से 33 प्रतिशत फसल खराब होने पर वर्षा आधारित फसल के लिए 5500 रुपए प्रति हेक्टेयर, सिंचित फसल के लिए 9500 रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजा राशि दिलाए जाने का प्रावधान है।

33 से 50 प्रतिशत फसल क्षतिग्रस्त होने पर वर्षा आधारित फसल के लिए 8500 रुपए क्षतिपूर्ति दी जाती है जबकि सिंचित भूमि पर खड़ी फसल के बांद होने पर 16000 रुपए मुआवजा देने का प्रावधान है।

50 फीसदी से अधिक नुकसान पर वर्षा आधारित फसल के लिए 217000 प्रति हेक्टेयर और सिंचित फसल के लिए, 32000 रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजा देने का प्रावधान है।

पटवारी द्वारा आरबीसी के तहत किए जाने कले सर्वे को ही बीमा कंपनी अपना सर्वे मानकर मुआवजा दे देती है संतुष्ट नहीं होने पर बीमा कंपनी अपने सर्वेयर भी मौके पर भेजकर सर्वे कराती है।

### इनका कहना है

क्षतिग्रस्त फसलों का लगभग सर्वे पूरा कर लिया गया है शासन को शीघ्र ही रिपोर्ट भेजकर मुआवजा की मांग की जाएगी। सही खातों में राशि पहुंचे इसलिए किसान का बैंक खाता और आधार कार्ड भी पटवारी एकत्रित कर रहे हैं इस काम में थोड़ी सी देरी हो रही है।

अर्पित वर्मा
कलेक्टर श्योपुर

### ग्राम रायपुरा के पास हुए सड़क हादसे में मां बेटे की चली गई जान, पिता कोटा अस्पताल में भर्ती

# मां-बेटे का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार देख फफक पड़े ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

टोंक चिरगांव नेशनल हाईवे 552 पर रायपुरा गांव के पास रविवार की देर शाम हुए भीषण हादसे में बाइक सवार मां बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए राजस्थान के कोटा अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। जहां उसकी स्थिति अभी भी चिंता जनक बताई गई है। इस भयानक हादसे में अपनी जान गंवाने वाली कविता उर्फ रानू बैरवा और उसके सात वर्षीय बेटे अरूण बैरवा के शव सोमवार को पीएम के बाद जब जिला अस्पताल से सोंईकलां गांव में पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। दोनो मां बेटे का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। यह कारुणिक दृश्य देखकर ग्रामीण फफक उठे।

यहां बताना होगा कि रविवार की देर शाम पौने सात बजे के करीब जब ग्राम सोंईकलां निवासी मलखान बैरवा (39 )र् अपनी पत्नी कविता उर्फ रानू बैरवा (32) और छोटे बेटे अरुण (07) के साथ श्योपुर से अपने गांव लौट रहा था,तभी रायपुरा बगीची के पास उसकी बाइक को पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक स्कार्पियो गाडी ने जोरदार टक्कर मार दी। इस



भयानक हादसे के दौरान मलखान बैरवा जहां गंभीर रूप से घायल हो गया,वहीं कविता उर्फ रानू तथा अरूण की मौत हो गई। गंभीर हालत में मलखान को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद कोटा के लिए रैफर कर दिया गया है। जहां उसकी स्थिति फिलहाल चिंता जनक बताई गई है। सोमवार को दोनों मां बेटे के शवों को देहात थाना पुलिस ने जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद परिजन को सौंपा। मां बेटे के शव जब गांव में पहुंचे तो परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। इस दौरान परिवार के लोगों की आंखो से आंसूओं की धार रोके नहीं रूक रही है। सबसे बुरा हाल तो मलखान के बेटी प्रीति ( 13) और बेटे शिवम (9) का हो रहा है,जो रोते हुए कह रहे है कि मां और भाई तुम कहां चले गए। दोनों का रो रोककर बुरा हाल बना हुआ है। दोनो मां बेट की शव यात्रा जब घर से मुक्तिधाम पहुंची तो उनकी शव यात्रा में बडी संख्या में ग्रामीण और नाते रिश्तेदार शामिल हुए। मुक्तिधाम में दोनों मां बेटे का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया। इस हृदयविदारक दृश्य को देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। देहात थाना पुलिस ने टक्कर मारने वाली स्कार्पियों को जब्त कर लिया है,लेकिन उसका चालक फिलहाल फरार बना हुआ है। देहात थाना पुलिस का कहना है कि चालक को जल्द ही पकड लिया जाएगा।

### इधर मानपुर में खेत से घर लौट रही महिला को ट्रैक्टर ने रौंदा,गंभीर घायल

ग्राम मानपुर निवासी एक महिला को बीती शाम को एक ट्रैक्टर ने तब रौंदकर बुरी तरह जख्मी कर दिया,जब महिला खेत से घर लौट रही थी। मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि मानपुर निवासी मौसमी बाई (50)पत्नी भानू बैरवा रविवार की शाम को जब अपने बेटे अजीत के साथ खेत से पैदल ही घर लौट रही थी,तभी रामेश्वर रोड पर रामलखन त्यागी ने ट्रैक्टर को दौडाते हुए महिला मौसमी बाई को टक्कर मार दी,इस दौरान ट्रैक्टर का अगला पहिया महिला की कमर से होकर निकल गया, जिसकारण गंभीर घायल हुई महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

# नीटू सिकरवार और विधायक पहुंचे मृतक किसान के घर, दो लाख की सहायता दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विगत दिनों ग्राम सिरसौद में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले किसान के घर मातमपुर्सी करने मंगलवार को श्योपुर मुरैना संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़े कांग्रेस प्रत्याशी नीटू सिकरवार और विधायक बाबू जंडेल ने पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ओर नीटू सिकरवार ने मृतक किसान के बेटे को एक—एक लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सिरसौद गांव पहुंचे कांग्रेस नेता नीटू सिकरवार ने मृतक किसान के परिजनों से चर्चा की और उन्हें कांग्रेस की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया ओर उन्हें अपनी ओर एक लाख रुपए की सहायता राशि दी। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने भी मृतक किसान के परिवार के लिए एक लाख रुपए का चेक देते हुए कहा कि यह राशि विधायक निधि या



सरकार की नहीं है यह मेरी ओर से निजी रूप से दी जा रही है जरूरत पड़ेगी तो और भी मदद की जाएगी। इस दौरान नीटू सिकरवार एवं कांग्रेसियों ने बर्बाद हुई फसलों का जायजा लिया और पूरी कांग्रेस के माध्यम से फसल का प्रतिशत नुकसान मानकर मुआवजा की मांग का आश्वासन किसानों को दिया। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, विधायक प्रतिनिधि डॉ शहजाद आदि मौजूद रहे।

### पटवारी, सचिव, जीआरएस को भी निक्षय मित्र बनाया जाए:आनंद

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत सौम्या आंनद ने समय सीमा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी आई गोट कर्मयोगी अंतर्गत कम से कम 5 प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से पूर्ण करें, यह प्रशिक्षण एप के माध्यम से ऑनलाइन किये जाने है। इसके साथ ही उन्होने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पटवारियों, पंचायत सचिवों तथा जीआरएस को भी निक्षय मित्र बनाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रदान किये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आंनद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों में एल-1 अधिकारी द्वारा शिकायतों को तत्काल अटेन्ड किया जायें, सभी विभाग इस माह की रैकिंग आने से पूर्व 85 प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के लक्ष्य के साथ कार्य करें। अधिकारी कलस्टर लेबल पर निराकरण की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें । उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विभाग सुनिश्चित करे कि कार्यालय में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी प्रदर्शित करने वाले बोर्ड सुलभ स्थानों पर लगे है तथा सूचना अधिकारी एवं अपीलीय अधिकारी के नाम, नंबर आदि प्रदर्शित किये गये है। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों की ई-अटेंडेन्स के संबंध में भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।उन्होने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिये कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत लोक सेवाओं के प्रदान करने में समय सीमा से बाहर हुए प्रकरणों के मामलो में जुर्माने के प्रस्ताव बनाकर भेजे जायें।

# किसानों के लिए आरक्षित शेड खाली नहीं होने पर एसडीएम ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एसडीएम एवं कृषि मंडी उपज समिति के भारसाधक अधिकारी गगन मीणा ने सोमवार को कृषि उपज मंडी जैदा पहुंचकर धान खरीदी का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने किसानों के लिए आरक्षित शेड खाली नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए मंडी प्रशासन को किसानों को हर सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए।

कृषि उपज मंडी जैदा पहुंचे एसडीएम गगन मीणा ने मंडी परिसर का भ्रमण कर व्यवस्था देखी। मंडी सचिव ने उन्हें बताया कि मंडी में धान की आवक शुरू हो गई है, धान खरीदी सुचारू रूप से चलाई जा रहा है। खरीदी कार्य में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आ रही है। मंडी में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था की गई है। ताकि किसानों को परेशान न होना पड़े। इसके अतिरिक्त किसानों के पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान किसानों ने उन्हें स्थानीय समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि यहां पहले किसान विश्राम गृह था जो अब नहीं है। गर्मी में किसानों पेड़ की छांव में बैठना पड़ता है साथ ही शेड में व्यापारियों ने अपना माल रखा हुआ है बारिश के समय फसल भीगने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। एसडीएम ने किसानों के लिए हर सुविधा मुहैया कराने के साथ किसानों के लिए आरक्षित शेडो को खाली करने के निर्देश दिए।

# कराहल पुलिस ने पकड़ा तस्कर 1 किलो 250 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अवैध नशा कारोबार के खिलाफ कराहल थाना पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को दबोचा है। शिवपुरी जिले के निवासी इस गांजा तस्कर के कब्जे से पुलिस ने एक किलो 250 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा तस्कर को अरेस्ट करने के बाद कोर्ट में पेश करते हुए जेल पहुंचा दिया है।

दरअसल इन दिनों जिले में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अवैध नशा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कराहल टीआई यासमीन खान और उनकी टीम ने मुखबिर की एक सटीक सूचना पर दबिश देकर एक गांजा तस्कार को उस समय पकड लिया,जब वह गांजा खफाने के लिए कराहल घाटी ऊपरी मोड से गुजर रहा था। पूछताछ के दौरान गांजा तस्कर ने अपना नाम विजय धाकड पुत्र बाबू धाकड निवासी ग्वालीपुरा थाना पोहरी जिला शिवपुरी बताया है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1 किलो 250 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसे विधिवत कार्रवाई किए जाने के बाद श्योपुर न्यायालय में पेश कर



दिया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में कराहल टीआई यासमीन खान के अलावा सउनि बलराम रमन, रामवरन सोलंकी, प्रआऱ पवन शर्मा, हरिमोहन गुर्जर, सुनील मौर्य, महावीर सिह, आर अभिषेक गोतम, लवकुश रावत, बृजमोहन गुर्जर, पवन कटारे, खालिद खांन की भी भूमिका रही है।

# उधारी के पैसे मांगने पहुंचे भाजपा नेता को पीटा, तीन पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष युसूफ खान के साथ नामजद आरोपियों ने तब मारपीट कर दी,जब वे उनके पास उधारी पैसे मांगने के लिए पहुंचे थे। रविवार की शाम को यह विवाद बंजाराडैम हसनपुरा हवेली का है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने भाजपा नेता की रिपोर्ट पर तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि हसनपुरा हवेली निवासी युसूफ खान पुत्र अकबर खान ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जनवरी 2025 में उनके मोहल्ले ही रहने वाले सलमान खान ने 2 लाख रूपए उधार लिए थे। जिनमें से उसने तीन किश्तो में 1 लाख 20 हजार रूपए लौटा दिए। शेष बचे 80 हजार रूपयों को रविवार की शाम को मांगने के लिए सलमान के होटल पर यूसूफ खान अपनी पत्नी के साथ पहुंचे तो वहां सलमान, उसके भाई सुफियान खान, शकवान खान ने मिलकर मारपीट कर दी। यही नहीं, जब पत्नी बचाने के लिए आई तो उसकी भी मारपीट कर दी गई। कोतवाली पुलिस ने युसूफ खान की रिपोर्ट पर सलमान,सुफियान, शकवान के खिलाफ मारपीट की धाराओ में केस दर्ज कर लिया है।

### क्राइम मीटिंग में एसपी ने थाना प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश

# पेडिंग अपराधों का जल्द निराकरण करो, अवैध नशा कारोबार को लेकर तेज करो कार्रवाई:एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिस थाने में जो भी अपराध पेडिंग चल रहे है,उनका जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। 31 दिसंबर तक कोई भी अपराध पेडिंग न रहना चाहिए। अवैध नशा कारोबार को लेकर की जा रही कार्रवाई को और तेज किया जाए। ताकि श्योपुर जिला नशा मुक्त जिला बन सके।

सोमवार को यह निर्देश पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने पुलिस कंट्रोलरूम में आयोजित क्राइम मीटिंग को संबोधित करते हुए दिए। इस दौरान एसपी ने थानावार अपराधों की समीक्षा भी की। क्राइम मीटिंग में एएसपी प्रवीण भूरिया,डीएसपी हेडक्वार्टर पीएन गोयल,एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता, एसडीओपी बडौदा प्रवीण अष्ठाना, एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर सहित सभी थानों के थाना प्रभारी उपस्थित थे।




### आमजन के बीच अपनी अच्छी छवि बनाएं पुलिसकर्मी

क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने सभी थानो में पदस्थ पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को आमजनता के बीच अपनी छवि अच्छी बनाने के निर्देश भी दिए है। एसपी ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी अपनी निर्धारित वर्दी ही पहनकर पुलिसिंग करे,इस दौरान कोई ऐसा कार्य नहीं करे,जिसके कारण आमजनता के बीच पुलिस की छवि खराब हो। जनता के साथ अपना व्यवहार मधुर बनाते हुए थाने पहुंचने वाले प्रत्येक पीडित व्यक्ति की सुनवाई करते हुए उसकी शिकायतों का निराकरण किया जाए। शिकायत लेकर थाने पहुंचने वाले पीडितों की सुनवाई हर हाल में होनी चाहिए।

पुलिस कंट्रोलरूम में सोमवार को सुबह 11 बजे से आरंभ हुई क्राइम मीटिंग शाम करीब 4 बजे तक चली। करीब पांच घंटे चली क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने थानेवार दर्ज अपराध और उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। पेडिंग अपराधों के साथही पेडिंग मर्ग, पेडिंग शिकायतों का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि 31 दिसंबर तक सभी थानों में पेडिंग अपराधों का हर हाल में निराकरण हो जाना चाहिए,इसके लिए सभी थाना प्रभारी अभी से जुट जाए। वारंट तामीली और विभिन्न मामलो में फरार चल रहे अपराधियों की धर पकड की जाए। नशे को लेकर थाने वार पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए एसपी ने थाना प्रभारियों से कहा कि इस मामले में कुछ थाना प्रभारियों की कार्रवाई अच्छी रही है,लेकिन अवैध नशा कारोबार को पूरी तरह बंद कराने के लिए सभी थाना प्रभारी अपनी कार्रवाई को तेज करें। जुआ सट्टा, अवैध शराब सहित अन्य कई अवैध कारोबार किसी भी थाना क्षेत्र में संचालित होना नहीं चाहिए। यदि कहीं से ऐसी सूचना आई तो संबंधित थाना प्रभारी की खैर नहीं होगी। अपराधों पर अंकुश रहे तथा सभी थाना क्षेत्रो में शांति व्यवस्था बनी रहे,इसके लिए थाना प्रभारी हर जरूरी कार्रवाई करें।

### पुलिसकर्मी भी करें यातायात नियमों का पालन

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने क्राइम मीटिंग के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को वाहन संचालन के दौरान यातायात नियमों का पालन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने थाना प्रभारियो को निर्देश दिए कि सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना स्टाफ पर भी नजर रखे कि वे कहीं वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों को नहीं तोड रहे है,यदि कोई ऐसा कर रहा है तो उसके खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की जाए। कार्रवाई किए जाने के बाद भी जो पुलिसकर्मी नहीं माने,उसके बारे में मुझे अवगत कराया जाए। ताकि उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जा सके।

# बिजली कंपनी पर तानाशाही करने का आरोप लगाकर किसान ने दी आत्महत्या की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों को देखकर सिरसौद में आत्महत्या कर लेने वाले किसान का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब रायपुरा के एक किसान ने बिजली कंपनी पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए आत्महत्या की चेतावनी दे डाली है। यह चेतावनी उसने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालकर दी है, जिसमें बिजली कंपनी पर भार से अधिक बिल देने और जबरिया वसूली करने का आरोप लगाया है।

शहर के नजदीकी गांव रायपुरा निवासी मांगीलाल नामक एक बिजली उपभोक्ता ने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर डाला है जिसमें वह बोलता दिख रहा है कि उसकी 3 बीघा जमीन में धान की फसल खड़ी थी जो बारिश से बर्बाद हो गई है। उसके खेत में 8 एचपी की मोटर लगी हुई थी पर बिजली कंपनी ने जबरिया 22 एचपी का भार बताकर उसे भारी भरकम बिल थमा दिया। इसकी शिकायत नहीं सुनने पर उसने सीएम हेल्पलाइन लगा दी सीएम हेल्पलाइन पर हुई शिकायत के बाद हुए परीक्षण में मोटर का भार 11 एचपी निकलकर आया जो में जमा करने को तैयार भी था लेकिन अधिकारी अपनी ही जांच को भी नहीं मान रहे हैं और जबरिया 22 एचपी का दिए गए भार के आधार पर बिल जमा करने पर दबाव डाल रहे हैं। किसान ने आरोप लगाया कि वह बिजली कंपनी के अधिकारियों की तानाशाही से परेशान हो चुका है अगर उसका बिल सात



दिवस के अंदर नहीं सुधारा गया तो वह उसी बिजली के खंभे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेगा जिससे उसकी लाइट जुड़ी हुई है। इस संबंध में बिजली कंपनी के महाप्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार का कहना है कि मेरे सामने इस तरह का कोई वीडियो नहीं आया है,लेकिन फिर भी इस मामले की जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह मोहल्ला अशोकनगर निवासी अजय कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल कुशवाह, जितेन्द्र अहिरवार और नमन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देहरदा निवासी मीनू पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि पटेल, प्रदीप पटेल और एक अन्य व्यक्ति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरनी निवासी शीतल जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विक्रम और शीलचन्द्र जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढुडैर निवासी चन्दाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करतार अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मातामढ मोहल्ला निवासी निवासी मुस्कान खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सफीक खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

अवैध शराब के कईं मामले दर्ज।

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम भरियाखेडी निवासी सुखवीर सिक्ख के पास ने पुंलिस ने 80 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने ग्राम सरदारपुर निवासी बलिया बाई बंजारा के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम भांतपुरा निवासी राधा सांसी के पास से पुलिस ने 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### नो एंट्री में ट्रकों पर किया 20500 रुपए का जुर्माना

**अशोकनगर।** शहर में सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक भारी वाहन एवं मध्यम वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है इसके लिये शहर में सूचनार्थ हेतु नो एंट्री साईन बोर्ड भी लगवाये गये है जिसके बाद वाहन चालकों द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किये जाने पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में सेन तिराहे पर खडे ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 9266 को नो एंट्री से बाहर कर एमव्हीएक्ट धारा 115/194(2), 126/177 के तहत 5500 रूपये का जुर्माना किया गया, एक अन्य वाहन क्रमांक एमपी 67 एच 0110 को नो एंट्री से बाहर कर एमव्हीएक्ट धारा 115/194(2) के तहत 5000 रूपये का जुर्माना किया गया, सेन तिराहे से विदिशा तिराहा के बीच ट्रक क्रमांक एमपी 08 जीए 3188 का चालक जिसे नो एंट्री मार्ग पर प्रवेश क्रने से रोकने के बाद भी ट्रक का चालक नो एंट्री मार्ग में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर ट्रक भगा ले जाने पर पीओएस मशीन द्वारा सर्च करने पर वाहन मालिक के मोबाईल फोन पर सूचित कर एमव्हीएक्ट धारा 115/194(2) के तहत 5000 रूपये का जुर्माना किया गया बाद तारवाले बालाजी मंदिर के पास मेनरोड़ पर नो एंट्री में जा रहे ट्रला क्रमांक आरजे 09 जीडी 5784 जिसको रोककर थाना लाया गया एवं एमवीएक्ट धारा 115/194 (2) की चलानी कार्यवाही कर 5000 रूपये का जुर्माना किया गया। जिसका थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर द्वारा वाहन चालक पर प्रतिबंधित क्षेत्र में वर्दीधारी पुलिस द्वारा रोकने पर नहीं रूकने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में 20500 रूपये का जुर्माना किया गया। इस प्रकार नो एंट्री में वाहन चलाने पर चारों वाहनों पर कुल 20500 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके अतिरिक्त वाहन चैकिंग के दौराने एक अन्य ट्रक क्रमांक एमपी 09 जीएफ 9313 का चालक बिना अनुमति के अतिरिक्त सर्च लाईट वाहन में लगाये हुये पाया जाने पर एमव्हीएक्ट धारा 111/177 के तहत 500 रूपये का जुर्माना किया गया।

---

### शहर में आधा सैकड़ा से अधिक कॉलोनी काट चुके भूमाफिया

# करैरा में भू-माफिया का अवैध जालः बिना डायवर्शन कृषि भूमि पर प्लॉटिंग का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



**- कृषि भूमि का बिना कॉमर्शियल डायवर्शन प्लॉट बेचकर लाखों**

भू-माफियाओं की यह चालाकी कृषि भूमि को निशाना बनाती है—वे किसानों से कृषि उपयोग के नाम पर जमीन खरीदते हैं, फिर बिना कॉमर्शियल डायवर्शन के ही इसे आवासीय प्लॉटों में बदल देते हैं। यह कैसे संभव है? फर्जी नामांतरण और पटवारियों की मिलीभगत से! कृषि भूमि पर व्यावसायिक उपयोग बिना डायवर्शन के अवैध है, लेकिन यहां कोई रुकावट नहीं। प्लॉट खरीदारों को कोई सुविधा नहीं मिलती न सड़क, न नल से पानी, न बिजली कनेक्शन। नगर परिषद को कोई टैक्स नहीं दिया जाता, और विधिवत अनुमति जैसे रेरा रजिस्ट्रेशन का तो सवाल ही नहीं। अप्रैल 2025 में एमपी सरकार ने अवैध कॉलोनियों पर सख्त नियमों की घोषणा की, लेकिन करैरा में यह खेल जारी है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि स्थानीय पटवारी से लेकर पुराने पटवारी आर आई रिश्वत लेकर दस्तावेजों में हेराफेरी करते हैं, जिससे माफिया बेलगाम हैं। प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की जा रही है। करैरा की जनता को उम्मीद है नये एसडीएम इन माफियाओ पर लगाम लगायेंगे।

करैरा शहर, शिवपुरी जिले का यह व्यापारिक केंद्र, आज भू-माफियाओं के अवैध कॉलोनियों के चंगुल में फंस चुका है। मुख्य रूप से फोकस अवैध कॉलोनियों पर है, जहां बिना किसी डायवर्शन के कृषि भूमि को प्लॉटों में तब्दील कर बेचा जा रहा है। ये माफिया कृषि भूमि के नाम से सस्ती जमीनें खरीदते हैं, फिर बिना व्यावसायिक डायवर्शन के ही नालियां खोदकर, कच्ची सड़कें बनाकर और छोटे प्लॉटों में बांटकर बाजार में उतार देते हैं। यह प्रक्रिया पूर्णतः अवैध है, क्योंकि कृषि भूमि को आवासीय या व्यावसायिक उपयोग में बदलने के लिए डायवर्शन अनिवार्य है, लेकिन यहां कोई नियम नहीं माना जा रहा। टीला रोड, भितरवार रोड, शिवपुरी-झांसी हाईवे के किनारे, मंडी क्षेत्र, चिनौद-श्योपुरा मार्ग और मछावली रोड पर कोर्ट के आसपास दर्जनों ऐसी कॉलोनियां कट रही हैं। करैरा में नक्शा और डायवर्शन पास कराए बिना प्लॉट बेचे जा रहे हैं, जो नियमों का खुला उल्लंघन है।

**सुविधाहीन कॉलोनियांः न टैक्स, न रेरा परमिशनः** खरीदारों को ठगकर माफिया मुनाफा कमा रहे हैं। इन अवैध कॉलोनियों में खरीदारों को सिर्फ धोखा मिलता है। बिना सड़क के कीचड़ भरे रास्ते, बिना नल के पानी की किल्लत, बिना बिजली के अंधेरा। माफिया कोई सुविधा नहीं देते, क्योंकि ये कॉलोनियां बिना डायवर्शन के कटी हैं। नगर परिषद को विकास शुल्क या टैक्स का एक पैसा नहीं जाता, जिससे शहर का विकास ठप है। रेरा जैसी विधिवत अनुमति न होने से खरीदारों का कोई कानूनी संरक्षण नहीं, और विवाद में वे ठगे जाते हैं। मार्च 2025 में एमपी सरकार ने अवैध कॉलोनियों पर 10 साल जेल का कानून प्रस्तावित किया, लेकिन करैरा में दर्जनों कॉलोनियां अभी भी फल-फूल रही हैं। स्थानीय कर्मचारियों की मिलीभगत से यह साजिश चल रही है, जहां फर्जी डायवर्शन सर्टिफिकेट जारी होते हैं। जनता जांच की मांग कर रही है, क्योंकि प्रशासन की निष्क्रियता से भू माफिया मजबूत हो रहे हैं।

**नये एसडीएम से भू माफियाओं पर लगाम की उम्मीद :** करैरा आज भू माफियाओं की जकड़ में है यहां चारो और कॉलोनियां काटी जा रही हैं। आधा सैकड़ा से अधिक कॉलोनी कट चुकी हैं। एक दर्जन कॉलोनी अभी प्रस्तावित हैं जहां कॉलोनी माफिया काट रहे हैं। वर्षों से जमे अधिकारियों ने आज तक ध्यान नहीं दिया। अब लोगों को उम्मीद नये एसडीएम अनुराग निंगवाल से है कि आखिर जो कार्य यहां माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए आज तक नहीं हुए वह अब किए जाएं।

**कार्रवाई की जाएगी**

कलेक्टर के आदेशानुसार अनुभाग करैरा अंतर्गत ग्रामीण और नगरीय निकायों में स्वयं निरीक्षण किया जा रहा है। कृषि भिन्न प्रयोजन के लिए नियमविरुद्ध उपयोग की जा रही भूमियों के भूमि स्वामियों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अनुराग निंगवाल, एसडीएम करैरा

---

### 51.30 ग्राम स्मैक, बाइक व तोल कांटा जब्त

# स्मैक सप्लाई चेन का पर्दाफाश राजस्थान का सप्लायर दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

अवैध नशे के कारोबार पर बैराड़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक स्मैक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 51.30 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटा और हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद हुई है। जब्त माल की कुल कीमत करीब 10 लाख 50 हजार बताई जा रही है।

शनिवार शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाइक से झिरी गांव की ओर से बैराड़ आ रहा है और उसके पास मादक पदार्थ है। फुलीपुरा चौराहा पर घेराबंदी की गई और संदिग्ध को पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हेमराज लोधा (46 वर्ष) निवासी ग्राम सेमला, जिला बारां (राजस्थान) बताया। तलाशी में पैंट की जेब से स्मैक से भरा सफेद पॉलिथीन पैकेट और तोल कांटा मिला। आरोपी ने बताया कि वह यह स्मैक बैराड़ के जितेंद्र प्रजापति को 2800 प्रति ग्राम के हिसाब से बेचने जा रहा था और पहले भी कई बार सप्लाई कर चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से अन्य सप्लायरों के बारे में पूछताछ जारी है।

### नवविवाहिता की मौत, पुलिस की समझाइश के बाद पोस्टमार्टम कराया

**अशोकनगर।** जिले के कजराई गांव की नवविवाहिता रेखा आदिवासी उम्र 22 वर्ष की मौत हो गई। महिला के परिजन उसे जिला अस्पताल में लेकर पहुंचे। महिला मृत अवस्था में होने के कारण डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम की सलाह दी। लेकिन परिवारजन तैयार नहीं हुए जब अस्पताल में पुलिस चौकी के अमले को जानकारी मिली तब उन्होंने परिजनों को रोका उसके बाद भी वह पोस्टमार्टम कराने तैयार नहीं हुए।

---

# नरवाई प्रबंधन जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण एवं प्रबंधन के लिए अब किसानों को जागरूकता रथ के माध्यम से भी जागरूक किया जाएगा। नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूकता रथ को सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, उप संचालक कृषि पान सिंह करोरिया, कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक एम.के. भार्गव एवं सहायक कृषि यंत्री भगवान सिंह नरवरिया की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ गांव गांव घूमकर किसानों को बताएगा कि नरवाई जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषण होता है बल्कि खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है, इसलिए नरवाई न जलाएं बल्कि सुपर सीडर का उपयोग करें।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक पान सिंह करोरिया ने बताया कि खेतों में फसल कटाई के उपरांत नरवाई को जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। यह ₹रथ₹ जिले में पूर्व में जिन ग्रामों में नरवाई की घटनायें हुई है उन ग्रामों में जाकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों को बताएगा कि नरवाई न जलाएं बल्कि नरवाई प्रबंधन में उपयोगी कृषि यंत्र जैसे सुपर सीडर, मल्वर, स्लेशर, स्टा-रीपर आदि का उपयोग करें एवं नरवाई न जलाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

---

### अंतर-विभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# नवीन एसएमएस व्यवस्था से हो खाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



रबी फसल सीजन वर्ष 2025-26 के लिए जिले में किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था को आसान करने के उद्देश्य से कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने आगामी 10 तारीख से किसानों को खाद वितरण के लिए की गई नवीन एसएमएस व्यवस्था की तैयारी की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सोमवार को जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में अंतर-विभागीय समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित हुए। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि जिले में स्थापित सीएम हेल्पलाइन 181 कॉल सेंटर के माध्यम से खाद प्रदाय टोकन की व्यवस्था की गई है। आगामी 10 तारीख से यह व्यवस्था जिले में संचालित की जाएगी। इस सुविधा का लाभ लेकर जिले के किसानों द्वारा आसानी से खाद प्राप्त किया जा सकेगा। इस व्यवस्था अंतर्गत रबी फसल सीजन 2025-26 में खाद प्राप्त करने के लिए किसानों को टोल फ्री नंबरों पर कॉल करके अपना नाम, खाता नम्बर, भूमि की पावती क्रमांक, रकबा, मोबाइल नंबर, तहसील का नाम, ग्राम का नाम, समीपस्थ खाद वितरण केन्द्र का नाम आदि आवश्यक जानकारी देना होगी। उपलब्ध खाद के स्टॉक अनुसार किसानों को उनके द्वारा दर्ज कराये गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से टोकन नंबर प्रदाय किया जाएगा। किसान एसएमएस में प्रदाय की गई जानकारी अनुसार निर्धारित दिनांक एवं समय पर उक्त खाद प्रदाय केन्द्र पर पहुंच कर अपना खाद प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को लाइनों में लगकर खाद प्राप्त करने की समस्या से छुटकारा मिलेगा और उनको समय पर एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ खाद भी प्राप्त होगा।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी यह प्रयास करें कि सीएम हेल्पलाइन में शिवपुरी जिला रैंकिंग में सुधार कर प्रदेश के अव्वल जिलों में शुमार हो। अधिकारी शिकायतों को अधिक दिनों तक पेंडिंग रखे। कलेक्टर द्वारा 50 दिवस की लंबित शिकायतों की समीक्षा की और ऐसे विभाग जिनके पास ज्यादा संख्या में प्रकरणों की लंबित स्थिति है, तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा समय सीमा में लंबित पत्रों के निराकरण की अधिकारियों से चर्चा करते हुए निराकरण की स्थिति का आंकलन किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समय सीमा में लंबित पत्रों का निराकरण गंभीरता के साथ किया जाए, इनके निराकरण में कोई औपचारिकता नहीं बरती जाए।

शासन की लाडली बहना योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरण जिनमें पात्र हितग्राही को किसी कारणवश राशि मिलना बंद हो गई है, उन प्रकरणों का निराकरण कराकर संबंधित हितग्राही को पुनः राशि दिलाए जाने की कार्यवाही करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी खाद्यान्न वितरण कार्य में मुस्तैदी से कार्य करें। जिस स्तर पर भी लापरवाही दिखाई दें, उचित कार्यवाही करें। साथ ही पात्र हितग्राहियों के शेष रहे ई-केवायसी कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालयों में लंबित याचिकाएं तथा भू-अर्जन से संबंधित मामलों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली समस्याएं समय पर हल होनी चाहिए। उन्होंने तात्याटोपे संग्रहालय में आवश्यक जीर्णोद्धार कार्य कराए जाने के ई.ई.पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए।

---

# बहादुरपुर पुलिस ने आरोपी से चुराई सात मोटर साइकिल बरामद की

**अशोकनगर।** जिले में आए दिन होने वाली बाईक चोरी की घटनाओं के बाद बहादुरपुर पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद घेराबंदी की आरोपी बाईक छोड़कर भाग गए। पुलिस ने 1 आरोपी के साथ बाईके बरामद की हैं शेष आरोपियो की तलाश जारी है। जिन्हे अशोकनगर, गुना और राजगढ़ जिले से चोरी किया गया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति ग्राम माधौगढ से अवैध कच्ची शराब मोटर साईकिलो से लेकर देर रात करीला मंदिर के रास्ते से निकलने वाले है। मुखबिर सूचना पर अथाईखेड़ा के पास अशोकनगर रोड पर थाना बहादुरपुर पुलिस के द्वारा घेराबंदी करने के उद्देश्य से चेकिंग लगाई गई तभी ग्राम भादोन की ओर से एक मोटर साईकिल आती हुई दिखी जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी राजाबाबू उर्फ बाबू पारदी पिता कैलाश पारदी निवासी ग्राम कनारी थाना धरनावदा जिला गुना के कब्जे से मोटर साईकल पर टंगी दो प्लास्टिक के केनों में कुल 71 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त की गई। पकड़ में आई मोटर साईकल होंडा साईन लगभग एक वर्ष पहले चोरी करना बताया। साथ ही पूछताछ करने पर बताया कि वह अपने अन्य साथियों खलनायक पिता बादल पारदी, रोहित पिता जीवा पारदी, फिरोज पिता जीवा पारदी निवासीगण कनारी थाना धरनावदा जिला गुना, रिक्की पिता धर्म पारदी, अमित पिता अमीन पारदी,गुज्जर पिता नाथूडा पारदी, शिवकुमार पिता खेरू पारदी, गुज्जर पारदी, राधे पिता बिक्की पारदी, रूद्र पिता लंगडा पारदी निवासीगण ग्राम खेजड़ा थाना धरनावदा के साथ करीला मंदिर दर्शन करने आया था तभी करीला मंदिर व पास के गाँव मे रास्ते से दो मोटर साईकिल चोरी कर ली थी। जिसमें बताया गया कि वह अपने साथियों के साथ आज दिनांक को रात्री मे ग्राम माधौगढ़ से कच्ची शराब लेकर वापस जा रहे थे। आरोपी के अन्य साथी ग्राम माधौगढ़ के पास चोरी की मोटर साईकिलों सहित खड़े हुए है जो कच्ची शराब की व्यवस्था कर निकलेंगे। उक्त जानकारी पर अबिलंब कार्यवाही करते हुए दबिश दी गई जिस पर आरोपी के साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए किंतु मोटर साईकिलें नही ले जा सके। उक्त मोटर साईकिलों की जाँच करने पर थाने के अपराध क्रमांक 300/25 व 301/25 धारा 303(2) बीएनएस मे चोरी गई दो मोटर साईकिलें प्राप्त हुई जिन्हे विधिवत जप्त किया गया। उक्त मोटर साईकलों के साथ चार अन्य चोरी की मोटर साईकिलें भी प्राप्त हुई।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अशोकनगर।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत ब्रेललिपी एवं सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण का समापन किया गया। यह जिला शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें चारों विकासखंड के 60 शिक्षकों ने सहभागिता की मास्टर ट्रेनर सुनील लोधी कमल कुशवाहा द्वारा सांकेतिक भाषा में सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया एवं गोदान सिंह नरवरिया दीपक जैन ने ब्रेल लिपि का प्रशिक्षण दिया। डीडीआरसी से कुमारी निशा लोधी दीपक लोधी एवं रवि लोधी द्वारा दिव्यांग से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर डीपीसी राहुल शर्मा सहायक परियोजना समन्वयक आईडी अभिषेक चैधरी द्वारा समस्त शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर समापन किया गया।



---

### जीएसटी ग्रुप ने किया सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

# विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने के लिए केबीसी की तर्ज पर कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट जीएसटी द्वारा विद्यार्थियों में ज्ञान एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए तीन वर्गों में विभाजित की गई। जिसमें कक्षा 5 एवं 6 एक समूह,कक्षा 7 एवं 8 दूसरा समूह,कक्षा 9 से 12 तीसरा समूह शामिल था। कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों का परिणाम उसी दिन के पेपर के आधार पर घोषित किया जाएगा, जबकि कक्षा 9 से 12 के वर्ग से चुने गए शीर्ष 10 विद्यार्थी 7 दिसंबर को केबीसी की तर्ज पर आयोजित फाइनल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जिसमें से तीन मुख्य विजेता चुने जाएंगे। यह प्रतियोगिता ट्रस्ट द्वारा लगातार चैथी बार आयोजित की गई। इस वर्ष यह कार्यक्रम अशोकनगर और मुंगावली में संपन्न हुआ, जिसमें कुल 750 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा के पश्चात सभी प्रतिभागियों को तुरंत सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, जिससे बच्चों का उत्साह और भी बढ़ गया। जीएसटी ट्रस्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान, प्रतियोगिता भावना व आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना है।

---

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस संध्या पर चंदेरी में आयोजन

# कलाकारों ने बैजू बावरा की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 01 नवंबर की संध्या पर जिला मुख्यालय अशोकनगर के स्थानीय मानस भवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में महान संगीतकार बैजू बावरा नाट्य मंचन के माध्यम से स्थानीय चंदेरी के कलाकारों द्वारा बैजू बावरा नाटक की मनमोहक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि महान संगीतज्ञ बैजू बावरा की समाधि चंदेरी के किले पर स्थापित है। उन्होंने कहा कि बैजू बावरा की संगीत के प्रति अलोकिक क्षमता सर्वव्यापी है। बैजू बावरा नाटक का सजीव नाट्य मंचन करने वाले सभी स्थानीय कलाकार बधाई के पात्र है। कलाकारों द्वारा बैजू बावरा के जीवन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति देकर इतिहास की पटकथा से अवगत कराया है।





**कलाकारों का किया सम्मान**

कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी सहित जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृज बिहारीलाल श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान ने बैजू बावरा के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन के पश्चात मंच पर पहुंचकर स्थानीय कलाकारों का सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी तथा जिला शिक्षा विभाग द्वारा कलाकारों को उत्साहवर्धन स्वरूप 11-11 हजार रूपए दिए जाने की घोषणा की गई। बैजू बावरा नाटक के लेखक नदीम खांन, निर्देशक नंदकिशोर पंत, संगीत पार्थो घोष तथा नाटक परिकल्पना एवं संयोजन डॉ.आलोक चैबे द्वारा किया गया। पर्यटन स्थल परियोजना के स्थानीय समन्वयक रामलखन सिंह द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा रंग बावरे समिति के सदस्यों के साथ तैयार की गई।